भा.क.नि.
CCI

भारतीय कपास निगम लिमिटेड

THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD.

शाखा कार्यालय "कपास भवन" 27-ए, रेसकोर्स रोड, इंदौर - 452003

दूरभाष/Phone : 2434136,2547877 फैक्स/Fax: 0731-2530523 मेल/email: indore@cotcorp.com

सूचना का अधिकार

क्रमांक/भाकनि/मप्र/प्रशा/टैक्सी-निविदा/2018-19/ **दिनांक 01.02.2019**

टैक्सी कांट्रेक्ट की निविदा सूचना

निगम द्वारा म.प्र. में स्थित निगम के विविध खरीद केन्द्रों एवं गोदामों पर जाने हेतु दिनांक 01.03.2019 से 31.03.2020 तक की अवधि के लिये टैक्सी की निविदा 2-बिड प्रक्रिया के तहत आमंत्रित की जाती है । निविदा के साथ रूपये 5000/- (रूपये पॉच हजार मात्र) धरोहर राशि "दि कॉटन कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड" के नाम से इंदौर में देय राष्ट्रीयकृत बैंक की संलग्न होना चाहिये ।

निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते तथा निविदा प्रारूप निगम की वेबसाईट www.cotcorp.org.in तथा गव्हर्नमेंट वेबसाईट www.eprocure.gov.in अथवा शाखा कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं । निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक 11.02.2019 दोपहर 2.00 बजे तक है । निविदा उसी दिन दोपहर 3.00 बजे खोली जायेगी ।

महा प्रबंधक

निविदा की शर्ते -

1. प्रस्ताव सिर्फ निर्धारित फार्म में ही भरे जायें ।

2. निविदा दो भागों में विभाजित है यानी तकनीकी बिड (Bid-I) तथा वित्तीय बिड (Bid-II) टैक्सी कांट्रेक्टर ये दोनों दो अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे में जिन पर BidBid-I तथा BidBid-II Iअंकित रहेगा तथा इन्हें अलग से तीसरे बंद लिफाफे में डालकर प्रस्तुत करें जिस पर "टैक्सी टेण्डर 2018-19 " अंकित करें ।

3. निविदा फार्म पूर्णतया भरकर दिनांक 11.02.2019 को दोपहर 2.00 बजे तक कार्यालय में लगे हुए टेण्डर बॉक्स में डालें । निर्धारित समयावधि तक प्राप्त सभी निविदाओं को उसी दिन दोपहर 3.00 बजे समिति द्वारा उपस्थित पार्टियों के समक्ष खोली जायेगी ।

4. शाखा कार्यालय की समिति द्वारा निर्धारित समयावधि में प्राप्त निविदाओं में से पहले तकनीकी बिड (BidBid-I1) खोली जायेगी । वित्तीय बिड (BidBid-IIII) उसी दिन केवल उन्हीं टैक्सी कांट्रेक्टर की खोली जायेगी जिन्हें BidBid-Iमें योग्य घोषित किया गया है ।

5. निगम के पास यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि किसी भी प्रस्ताव को पूरा या उसके किसी भाग को स्वीकार अथवा अस्वीकार करे ।

6. रात्रि विश्राम के लिये स्वीकृत दर के सिवाय किसी प्रकार का कोई भी अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा ।

7. टैक्सी का बिल हमें टैक्सी के उपयोग के 10 दिन के अंदर मिल जाना चाहिये । आपके बिल का भुगतान बिल की प्राप्ति के 10 दिनों में आयकर अधिनियमों के अनुसार टी.डी.एस. की कटौती, यदि कोई हो तो, करके किया जायेगा बशर्ते की बिल सही हो ।

8. टैक्सी दरें सभी प्रकार के टैक्स सहित होना चाहिये । सिर्फ GST नियमानुसार देय होगा ।

9. टैक्सी की मांग करने पर आपको उसकी व्यवस्था करनी होगी, ऐसा न करने पर हम अन्य पार्टी से टैक्सी मंगवायेंगे और यदि हमें आपकी स्वीकृत दर से अधिक भुगतान करना पड़ा तो आपकी जमा राशि में से उसकी कटौती की जायेगी तथा निगम को इस कारण होने वाली हानि आपसे वसूल की जायेगी । जमा राशि कांट्रेक्ट अवधि के पश्चात टैक्सी कार्य के संतोषजनक निष्पादन के आधार पर लौटाई जायेगी । जमा राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा ।

10. टैक्सी का मॉडल 2015 से पुराना नहीं होना चाहिये अर्थात गाड़ी की आयु 4 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये ।

11. टेण्डर फार्म में पार्टी द्वारा दी गई अन्य किसी भी प्रकार की शर्त अथवा टिप्पणी स्वीकार्य नहीं होगी ।

12. निगम को उपलब्ध करवाई जाने वाली टैक्सी अच्छी कंडीशन में एवं सभी प्रकार के इंश्योरेंस सहित होनी चाहिये ।

13. बिल के साथ संलग्न ड्रायवर स्लिप में यात्रा आरंभ करने के किलोमीटर/दिनांक तथा यात्रा समाप्ति के किलोमीटर/दिनांक सहित निगम के अधिकारी/अतिथि अथवा टैक्सी उपयोग करने वाले के हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिये । बिल में यात्रा आरंभ एवं समाप्ति तक के किलोमीटर मान्य होंगे ।

14. टैक्सी प्रवास के दौरान टोल-टैक्स, पार्किंग इत्यादि खर्च का भुगतान आपको करना होगा जिसकी बाद में बिल के साथ रसीद प्रस्तुत करने पर निगम द्वारा भुगतान किया जायेगा । इसके उपरान्त अन्य कोई भी टैक्स नहीं दिया जायेगा ।

15. निविदा स्वीकृति दरें दिनांक 01.03.2019 से 31.03.2020 तक की अवधि के लिये है जिसे समान नियम व शर्तों पर पुन- एक वर्ष की अवधि के लिये बढाया जा सकता है ।

16. कांट्रेक्ट अवधि के दौरान पेट्रोल/डीजल के भाव में बदलाव के कारण टैक्सी दरों में कोई बदलाव नहीं होगा ।

17. पार्टी को निगम की मांग अनुसार एक ही समय पर एक से अधिक गाड़ियॉ भी तय की गई दरों पर उपलब्ध करानी होगी ।

18. इनमें दी गई किसी भी शर्त का पार्टी द्वारा उल्लंघन करने पर निगम को यह अधिकार होगा कि वह तीन दिन का लिखित नोटिस देकर इस कांट्रेक्ट को समाप्त कर दे तथा प्राप्त जमानत राशि जब्त कर लें एवं नियमों के उल्लंघन के कारण यदि निगम को कोई हानि होती है तो वह राशि भी आपसे वसूल की जायेगी ।

19. प्रस्ताव देने वाले निविदाकर्ता को अपने प्रस्ताव के साथ धरोहर राशि के रूप में रूपये 5000/- (रूपये पॉच हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट देना होगा जो ''दि कॉटन कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड'' के पक्ष में इंदौर में पेयबल होगा । बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।

20. जिनका प्रस्ताव स्वीकार किया जायेगा उन पार्टियों को निगम के निर्णय से अवगत कराया जायेगा ।

21. दो से अधिक पार्टी की दर समान पाई जाती है तो उन्हीं पार्टियों से पुनः बंद लिफाफे में निश्चित समयावधि में भाव आमंत्रित किये जायेंगे जिसमें न्यूनतम दर देने वाली पार्टी को कार्य आदेश दिया जायेगा । यदि पुनः मांगे गये भाव भी समान पाये जाते हैं तो उस स्थिति में निगम द्वारा पार्टी की विश्वसनीयता एवं सेवा को देखते हुए निर्णय लिया जायेगा ।

22. जिन पार्टी की दरों को अंतिम स्वीकृति दी जाती है उन्हें निगम को 100/- रूपये के स्टॉम्प पेपर पर एक अनुबंध करवाकर कार्य आदेश दिये जाने के 7 (सात) दिनों के अंदर देना होगा जिसका स्वरूप निगम द्वारा दरों की स्वीकृति पत्र के साथ उपलब्ध कराया जायेगा ।

23. Technical Bid पॅन नंबर, GST नंबर एवं धरोहर राशि के बिना प्राप्त होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।

24. निगम किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार (सभी निविदा अस्वीकार) करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है तथापित निविदाकर्ता निगम से कारण पूछ सकता है ।

25. **निगम के कार्य के दौरान कोई दुर्घटना/जनहानि होती है उसके लिये निगम की किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी नहीं रहेगी । बीमा आदि से संबंधित सभी जिम्मेदारी टैक्सी कांट्रेक्टर की होगी ।**

26. **किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर इंदौर म्युनिसिपल कार्पोरेशन के क्षेत्राधिकार में ही विवाद कारण उठाया जायेगा ।**

मैंने उपरोक्त शर्ते पढ़ी हैं तथा मुझे मंजूर हैं ।

पार्टी के हस्ताक्षर मुहर के साथ

THE COTTON CORPORATION OF INDIA LTD,
BRANCH OFFICE, INDORE

Technical Bid - I for Taxi Tender 2018.19

1.	**Name of the Taxi Contractor/Firm**	**:**	_____
2.	**Contact Person's name**	**:**	_____
3.	**Full postal address for Communication alongwith Mobile/Telephone Number.**	**:**	_____ _____ _____ _____
4.	**PAN No.(Copy enclosed)**	**:**	_____
5.	**Service Tax No. (Copy enclosed)**	**:**	_____
6.	**Permanent Address**	**:**	_____ _____ _____
7.	**EMD AMOUNT Rs.**	**:**	_____
8.	**Name of the Bank & Draft / Cheque No.**	**:**	_____ _____

Date : _____ ***Signature& Stamp of the Party:*** _____

भारतीय कपास निगम लिमिटेड

शाखा कार्यालय : इंदौर

Tender Form

Financial Bid – II

1. पार्टी का नाम एवं पता: .....

2. संपर्क किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा मोबाइल नंबर: .....

3 ऑन लाईन थुगतान हेतु बैक का विवरण : बैक का नाम व शाखा .....

खाते का प्रकार व नंबर iFsc कोड _____

अवधि दिनांक 01.03.2019 से 31.03.2020 तक

Rates for Different Cars For Local use

क्रं.	गाड़ी का नाम एवं प्रकार	4 घंटे 40 कि.मी.	8 घंटे 80 कि.मी.	12 घंटे 150 कि.मी.	Extra Charges Per Km.	Extra Charges Per Hrs.
Non AC						
1.	Indica					
2.	Indigo					
3.	Tavera					
4.	Honda City					
5.	Innova					
6.	Corolla					
7.	Scorpio					
8.	Dzire					
AC						
1.	Indica					
2.	Indigo					
3.	Tavera					
4.	Honda City					
5.	Innova					
6.	Corolla					
7.	Scorpio					
8.	dzire					

Rates for Airport/Railway Station Pick-up & Drop **Rates for out station**

बाहरगॉव के लिये दरें

MINIMUM 250 किलो मिटर

क्रं.	गाड़ी का नाम एवं प्रकार	3 घंटे 40 कि.मी.	Extra Charges Per km.	Extra Charges Per Hrs.	दर प्रति कि.मी.	दर प्रति कि.मी.
Non AC					**Non AC**	
1.	Indica					
2.	Indigo					
3.	Tavera					
4.	Honda City					
5.	Innova					
6.	Corolla					
7.	Scorpio					
8.	Dzire					
AC					**AC**	
1.	Indica					
2.	Indigo					
3.	Tavera					
4.	Honda City					
5.	Innova					
6.	Corolla					
7.	Scorpio					
8.	Dzire					

उपरोक्त दरें टैक्सी टेण्डर के साथ संलग्न नियम एवं शर्तों के अनुसार है ।

टेण्डर फार्म के साथ संलग्न शर्तें हमें मंजूर हैं ।

स्थान : .....

दिनांक : .....

पार्टी के हस्ताक्षर (मुहर सहित)